Title: Need to provide stoppage of Navjeevan and Tapti Express trains at Vyara Railway Station, Gujarat - Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : उपाध्यक्ष महोदय, सूरत भुसावल रेलवे लाईन पर व्यारा एक शहर है, जहां पर कई औद्योगिक प्रतिठान हैं एवं कांकरपारा अणु विद्युत परियोजना भी इसी क्षेत्र में है, जहां पर तमिलनाडु एवं उत्तर भारत के कई लोग कार्यरत हैं। इस क्षेत्र में नवजीवन एक्सप्रेस एवं ताप्ती एक्सप्रेस रेल सेवाओं के ठहराव की मांग कई वार्ों से की जा रही है एवं कांकरपारा विद्युत परियोजना पर कई वैज्ञानिक एवं अन्य तकनीकी वाले व्यक्ति आते रहते हैं और विद्युत परियोजना से संबंधित कई विभाग के लोग व्यारा रेलवे स्टेशन पर आते हैं। नवजीवन एक्सप्रेस का ठहराव अगर व्यारा रेलवे स्टेशन पर कर दिया जाये तो लोगों को बहुत राहत होगी।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि नवजीवन एवं ताप्ती एक्सप्रेस का ठहराव व्यारा रेलवे स्टेशन पर शीघ्र किया जाये।